सार-समाचार

जालोर महोत्सव के लिए समन्वयक नियुक्त

जालोर, (कासं)। पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन व जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले जालोर महोत्सव 2025 को लेकर महोत्सव समिति की कोर कमेटी ने खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक प्रतियोगिता को लेकर समन्वयक नियुक्ति किये। जालोर महोत्सव के समन्वयक रतन सुथार ने बताया कि जालोर महोत्सव 2025 में आयोजित होने वाली विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए जालोर महोत्सव कोर कमेटी के सदस्य मोहन पाराशर, नारायण लाल भट्ट, कानाराम प्रजापत, पन्नालाल सोलंकी नितिन सोलंकी व हितेश प्रजापत ने खेल व सांस्कृतिक समन्वयक नियुक्त किये। खेलकूद समन्वयक शारीरिक शिक्षक अर्जुन सिंह देलदरी को नियुक्त किया गया। वही सांस्कृतिक मुख्य समन्वयक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावत, सांस्कृतिक प्रभारी महेश भट्ट, सांस्कृतिक समन्वयक रितु टॉक व पंकज भारती को नियुक्त किया गया। खेल व सांस्कृतिक समन्वयक के निर्देशन में जालोर महोत्सव 2025 में तीन दिन होने वाली खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा।

सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया

जालोर, (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केंद्र संगठन, इम्मानुअल मिशन सीनियर सैकेंडरी स्कूल तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जालोर से जुड़े माय भारत वॉलंटियर्स ने अस्पताल चौराहा व कलेक्ट्रेट रोड पर सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत ट्रैफिक पुलिस के मार्ग-निर्देशन में यातायात नियमों के लिए आमजन को जागरूक किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरु युवा केंद्र के अमित सचदेवा ने स्वयंसेवकों को यातायात के नियम, नशा मुक्ति के उपाय व साइबर क्राइम जैसे तात्कालिक समस्याओं पर भी स्वयंसेवकों का ध्यान आकर्षित किया। स्वयंसेवकों ने वाहनचालकों को पुष्प देने के साथ ही अपील करते हुए कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें, तो हेलमेट अवश्य पहनें और स्पीड को नियंत्रण में रखें, पूरी सावधानी बरतें। जीवन मूल्यवान है। सभी स्वयंसेवकों को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा टीशर्ट और केप देकर सम्मानित किया गया। इस दौरानयातायात पुलिस के साथ नेहरु युवा केंद्र के खसाराम सहित 25 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सभी स्वयंसेवक 17 से 23 जनवरी तक अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्किल व पंचायत समिति चौराहा पर यातायात पुलिस के साथ मिल कर वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देंगे। 23 जनवरी को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

रात्रि गश्त को धत्ता बता रहे चोर

जोधपुर, (कासं)। पुलिस की रात के समय गश्त करने के दावों की चोर पोल खोल रहे हैं। ताजा मामला जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के विवेक विहार थाना क्षेत्र का है। यहां बीती रात दो दुकानों के ताले तोडक़र चोर नगद रुपए और सामान चुरा कर ले गए। इसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं जिसमें मुंह पर रुमाल बांधे चोर दुकान के गले से पैसे निकालता हुआ नजर आ रहा है। पहली घटना सालावास रेलवे स्टेशन के समीप एक किराना स्टोर पर हुई। यहां पर चोर करीब तीस हजार रुपए से अधिक की नगद राशि, महंगी सिगरेटों के पैकेट और अन्य दुकान का सामान चुरा कर ले गए। चोर रविवार देर रात 11 बजे बाद दुकान में चोरी के लिए घुसे। चोरों ने सरिए की सहायता से शटर को मोड़ा और अंदर घुसे। इसके बाद वारदात को अंजाम दिया। दूसरी घटना मोगरा हाईवे की है यहां पर एक दुकान से चोर करीब एक लाख रुपए नगद चुरा कर ले गए। दोनों जगहों पर एक ही चोर की ओर से चोरी करने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर व्यापारियों में भी रोष और उन्होंने जल्द पुलिस से पूरे मामले का खुलासा करने की मांग की है। घटना के बाद रात के समय प्रभावी गश्त के दावे करने वाली पुलिस के दावों की भी पोल खुलती हुई नजर आ रही है। हाईवे पर इस तरह की घटना के चलते स्थानीय व्यापारी में भी रोष है। चोरी के लिए आए दोनों चोरों की वारदात सीसीटीवी फुटेज में भी कैद हो चुकी है।

परिवार कुंभ मेले में गया, युवक ने दी जान

जोधपुर, (कासं)। सरदारपुरा सी रोड पर रहने वाले एक युवक ने अपने घर में रविवार की देर शाम फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। मृतक शादीसुदा था और परिवार के लोग कुंभ मेले में गए हुए थे। वे वहां से आज शाम को लौट आए है सुसाइड की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया। मृतक का छोटा भाई वकालत करता है। खुद मृतक एक निजी मोबाइल कंपनी में कार्यरत था। सरदारपुरा थाने एसआई एवं प्रभारी विश्राम मीणा ने बताया कि मूलत: उत्तरप्रदेश हाल सरदारपुरा सी रोड पर रहने वाले 29 वर्षीय द्वारकाधीश उर्फ देवेंद्र पुत्र दिनेश वर्मा ने रविवार को अपने घर में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। उनके यहां पर रह रहे किराएदार को इसका पता लगा तो पुलिस को सूचना दी। इस पर पुलिस वहां पहुंची। एसीपी पश्चिम छवि शर्मा ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया। एसआई मीणा ने बताया कि मृतक निजी मोबाइल कंपनी में काम करता था। उसका एक छोटा भाई भी है जो पेशे से अधिवक्ता है। परिवार के लोग इन दिनों कुंभ मेले में गए हुए थे। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। मृतक शादीसुदा होने के साथ उसके दो बच्चें भी है।

रामानन्दाचार्य की जयंती पर आज भजन

सायला, (निसं)। चतु: सम्प्रदाय वैष्णव वैरागी शिक्षा सेवा समिति ब्लॉक सायला द्वारा जगद्गुरू स्वामी रामानन्दाचार्य महाराज के 725वें जयन्ति महोत्सव का विभिन्न संत महात्माओं के पावन सान्निध्य में 20 व 21 जनवरी को समाज भवन में हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार जयन्ति महोत्सव को लेकर सोमवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें गायक राजुदास एवं पदमदास द्वारा भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही विभिन्न चढावों बोले जाएंगे। जबकि मंगलवार को प्रात: 10 बजे महाआरती का आयोजन होगा। तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में सुसज्जित रथ में लाभार्थी परिवार के सदस्य जगद्गुरू रामानन्दाचार्य महाराज की तस्वीर एवं चांदी की छडी लेकर विराजमान रहेंगे। जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न होगी। इसके बाद प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। साथ ही महाप्रसादी होगी। महोत्सव को लेकर आयोजन समिति की ओर से बडी संख्या में समाजबंधुओं को आमंत्रण पत्रिका देकर न्यौता दिया गया है। साथ ही मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूल-मालाओं से सजाया गया है। साथ ही भव्य पांडाल बनाए गए है।

चारभुजा मंदिर पर ध्वजारोहण किया

सायला, (निसं)। सायला के निकट रेवतडा स्थित वैष्णव वैरागी समाज द्वारा चारभुजा मंदिर की प्रथम वर्षगांठ रविवार को सेवन्त्री महन्त लक्ष्मणदास खाकी महाराज के सान्निध्य में धूमधाम से मनाई गई। वर्षगांठ को लेकर सवेरे से ही समाजबंधुओं का पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर मंदिर परिसर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वही ध्वजा के लाभार्थी मोहनलाल हरिराम वैष्णव परिवार अपने निवास स्थान से ढोल ढमाकों के साथ नाचते गाते हुए ध्वजा लेकर मंदिर पहुंचे। जहां विधिवत पूजन करवाया गया। इसके बाद शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर चारभुजानाथ के जयकारों से गुंजायमान हो गया। साथ ही भजन गायकों द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों की सुमधुर स्वरलहरियों के साथ भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ एवं बालभोग चढाया गया। इस मौके धर्मसभा एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमे समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

वार्षिक कलैडर का विमोचन हुआ

रेवदर, (निसं)। रेवदर सिरोही मेघवाल समाज के वार्षिक कलेंडर का रविवार को विमोचन हुआ। वार्षिक कलेंडर के विमोचन के अवसर पर अतिथि हकमाराम रांगी मडिया समाजसेवी,भामाशाह, हंसाराम सिंघल जामोतरा प्रभारी मेघमानव सेवा समिति सिरोही, तगाराम राठौड जिलाध्यक्ष आबूराज ग्रेनाइट एसोसियन, हरीश राठौड पीसीसी सदस्य कांग्रेस, तेजाराम परमार जावाल जिला महासचिव कांग्रेस कमेटी सिरोही, मूल शंकर मेघवाल प्रधानाचार्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभा का सम्मान किया गया। बैठक में हंसाराम मनोरा, नारायणलाल परमार जावाल, कानाराम परिहार मंडवारिया, छगनलाल परमार जावाल, देवाराम गहलोत जामोतरा, जयनारायण परिहार उड, ईश्वर लाल जावाल, धनाराम भूतगांव, खुशाल जावाल आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।

लोगों की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : डॉ. प्रदीप गवांडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले में जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों, एफ.आर. प्रोजेक्ट, ई.आर. प्रोजेक्ट, डी.आर. प्रोजेक्ट, सीलू-जैसला-भाटकी परियोजना सहित शहरी क्षेत्रों के लिए पेयजल योजना अमृत 2.0 की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलेभर में सुचारू पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विभाग द्वारा जारी किए गए घरेलू विद्युत कनेक्शन, आरडीएसएस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे तहत 33 केवी फीडर एवं जीएसएस निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सुदृढ़ विद्युत प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से ''शुद्ध आहार-मिलावट पर वार'' अभियान के अंतर्गत वर्तमान तक लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल की जानकारी ली। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को जिला मुख्यालय पर संचालित आश्रय स्थलों (रैन बसेरों) की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया साथ ही टाउन हॉल के निर्माण कार्य की जानकारी प्राप्त की। जिला कलैक्टर ने प्रधामंत्री सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, डीबीटी वाउचर योजना सहित राज्य सरकार व केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अधिकाधिक संख्या में इन योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलैक्टर ने बीस सूत्री कार्यक्रम की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बीस सूत्री कार्यक्रम के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना सहित विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाडा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, उप चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भजनाराम, विश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भेराराम, नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान

जालोर, (कासं)। राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के (दिव्यांग सेवा प्रभाग) शांतिवन की ओर से जालोर जिले में दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान नेत्रहीन विशेष आवासीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोदन से प्रारंभ किया गया।

जिसमें आबू से आये ब्रह्मा कुमार अतुल भाई ब्रह्मा कुमार राजकुमार शर्मा, कपिल भाई के सहयोग द्वारा दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए मॉडल के द्वारा स्पर्श माध्यम से उनको राजयोग की शिक्षा और परमात्मा का परिचय दिया गया, तथा राजयोग मेडिटेशन करके मन को शांत, एकाग्र एवं शक्तिशाली रखने की विधि उपकरण के माध्यम से सिखाया गया।

इसके पश्चात विभिन्न खेलों द्वारा विद्यार्थियों के अंदर गुणों का तथा उमंग उत्साह बढाने वाले अन्य कार्यक्रमों के द्वारा प्रोत्साहित किया गया। बाद में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया । राजयोग तथा शिव संदेश पुस्तक लाइब्रेरी के लिए उपहार में दिए। अंत में सभी विद्यार्थियों को तथा स्टाफ के लोगों को ब्रह्माकुमारी संस्था जालोर केंद्र की प्रभारी रंजू बहन जी के द्वारा टोली प्रसाद वितरित किया गया। और विद्यालय के प्राध्यापक के द्वारा उनका अनुभव तथा विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया फार्म में भरवाई गई। कार्यक्रम में संस्था प्रधान भैराराम चौधरी, शिव शंकर बृजेश कुमार शैतान कुमार एवं समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। जालोर केंद्र से ब्रह्मा कुमार कांतिभाई शिवानी व शिल्पा आदि का सहयोग मिला।

इसके पश्चात जालौर के महावीर मुक बधिर आवासीय विद्यालय के विद्यार्थीयों के पास जाकर माउंट आबू से आई दिव्यंग सेवा टीम द्वारा वीडियो के माध्यम से अनेक प्रोत्साहन देने वाली कहानियां तथा फिल्म के द्वारा बच्चों का उमंग उत्साह बढाने के लिए कार्यक्रम किए गए। तथा विभिन्न मूल्य जनित खेलो द्वारा बच्चों को उत्साहित करके विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात अंत में सभी ने उमंग उत्साह भरे गीत पर खुशी-खुशी से नृत्य किया और सभी को ब्रह्माकुमारी संस्था जालोर के प्रभारी बी के रंजू ने सभी को धन्यवाद दिए और प्रसाद खिलाएं।

विभागीय कार्यों की समीक्षा हुई

पाली, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर मंत्री ने बजट घोषणाओं, भूमि आवंटन, राईजिंग राजस्थान में बकाया कार्या के बारे में व बिजली, चिकित्सा, को लेकर समीक्षा की।

जिला कलक्टर मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि 26 जनवरी के लिये ऐसे लोगों के नाम भेजने के लिये अपना सुझाव रखा कि जो समाज के लिये कार्य कर रहा है उसे ईनाम की चाहत नही है व गुमनामी में अच्छा कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि कार्मिको को वेतन मिलता है उनके लिये भी पुरूस्कर अतिरिक्त प्रोत्साहन होता हैं परन्तु ऐसे लोगों का सम्मान हो तो और भी अच्छा होगा जो गुमनामी में बिना ईनाम की इच्छा के कार्य कर रहे है ।

साथ ही उन्होंने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के गरिमामय व सफल आयोजन के लिये विस्तार से तैयारियों की समीक्षा की व इसमें विभिन्न विभागों की झांकियां वि.भिन्न विभागों के भागीदारी व प्रदर्शन के बारे में आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या व आयोजन के फाईनल रिहर्सल के लिये 24 जनवरी के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

इसके साथ ही बैठक में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही के संबंध में विस्तृत चर्चा कर निर्दैश दिये। साथ ही बैठक में उन्होंने विभागवार कार्या की प्रगति व योजनाओं की समीक्षा की जिनमें उन्होंने जनाधार सिंडीग, पेयजल विभाग ,टंकी सफाई, जेजेएम की प्रगति , सडको के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिये सार्वजनिक निर्माण विभाग को व अन्य सड़कों के बारे में ,बिजली विभाग को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिये, विभिन्न विद्युत कनेक्शन की स्थिति एफआरटी की स्थिति व सूचना, चिकित्सा विभाग में की योजनाओं की व बांगड हॉस्पिटल में उपचार व विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग ,महिला एंव बाल विकास विभाग की आंगवाडी के बारे में ,सूचना प्रौधिगिकी विभाग को विभिन्न सूचनाओं के बारे में , कृषि विभाग को व बागवानी की विस्तार से उनकी योजनओं के बारे में विभागीय योजना व बैठक तैयारी के निर्देश दिये।

साथ ही रोजगार, माईनिंग, रसद विभाग के कार्यों की जानकारी ली व आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह , एडीएम सीलिंग भवानीसिंह, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पाली में ट्रांसफार्मर से टकराई टैक्सी, ड्राइवर फंसा

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक सवारी टैक्सी असंतुलित होकर सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से टकरा गई।

हादसे में ड्राइवर टैक्सी में फंस गया। जिसे उधर से गुजरने वाले लोगों ने बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में ड्राइवर को ज्यादा चोट नहीं आई।

टैक्सी का अगला हिस्सा इस हादसे में क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं शॉर्ट सर्किट होने से लाइट भी गुल हो गई।

पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी में रविवार रात 8.30 बजे एक सवारी टैक्सी लेकर आ रहा ड्राइवर की टैक्सी असंतुलित होने से बागवान गली के पास सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से टकरा गई। जिससे शॉर्ट सर्किट होने से लाइट गुल हो गई। हादसे में ड्राइवर टैक्सी में फंस गया। ड्राइवर को उधर से गुजर रहे इंद्रा कॉलोनी निवासी विकास धोबी व अन्य लोगों ने बाहर निकाला। हादसे में टैक्सी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइवर को मामूली चोट आई।

हादसे के कारण वह घबरा गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। टैक्सी को ट्रांसफॉर्मर से हटाया और गुल लाइट को डिस्कॉम कर्मियों ने ठीक किया।

सचिन पायलट का पाली सीमा पर स्वागत

पाली, (नि.सं.)। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एक दिवसीय पाली दौरे पर आए। पाली सीमा पर चुन्नीलाल चाड़वास पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व उपाध्यक्ष पशुधन विकास बोर्ड राजस्थान के नेतृत्व में 51 किलोग्राम फूल माला व साफा, दुपट्टा से स्वागत किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोर्वधन देवासी, पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाजी मेहबूब टी, प्रदेश महिला कांग्रेस महामंत्री रेखा परिहार, भेरु सिंह राजपुरोहित ठाकुरला, मांगू सिंह दुदावत, सेवादल के पुर्व अध्यक्ष भेराराम गुर्जर, रोहित कच्छवाहा, रणजीत सिंह राजपुरोहित भारलाऊ, नितेश देवासी, शंकरलाल गोरख्या आदि उपस्थित रहे। पायलट का देसूरी, घाणेराव, सादड़ी, मुन्डारा, बाली, फालना, सांडेराव, पोमावा, सुमेरपुर होते हुए सिरोही तक स्वागत हुआ।

लैंगिक उत्पीड़न कानून की जानकारी दी

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में विक्रम सिंह भाटी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली के निर्देशानुसार सोमवार को जीएनएम प्रशिक्षण केन्द्र, बांगड़ चिकित्सालय पाली में महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मांगीलाल तंवर अधिकार मित्र द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए, लैंगिक उत्पीड़न से तात्पर्य, उक्त अधि.नियम के तहत गठित स्थानीय/आंतरिक समितियों की कार्यप्रणाली, शी-बॉक्स पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं इसकी पात्रता, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने आए विधि विद्यार्थी भव्या करणी भाटी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों के बारे में बताते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया। गोपाराम द्वारा संविधान के मौ.लिक कर्तव्य, बालकों के कानूनी अधिकार, महिलाओं के कानूनी अधिकार आदि के बारे में बताया। हर्षिता चौहान द्वारा साइबर अपराध एवं इससे निपटने हेतु बने कानून, नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 आदि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। रमेश सोलंकी उप-प्रधानाचार्य जीएनएमटीसी बांगड़ चिकित्सालय पाली आदि उपस्थित रहे।

लॉटरी 23 को

पाली, (नि.सं.)। श्री कृष्णा नगर आवासीय योजना में 257 भूखण्डों की लॉटरी 23 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला परिषद् पाली के सभागार में निकाली जाएगी। यह जानकारी यु आई टी सचिव ने दी ।

योजनाओं व संपर्क पोर्टल के मामलों पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में मारवाड़ इंटरनेशनल सभागार में किया गया।

बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं और संपर्क पोर्टल के मामलों पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, ई फाइलिंग, सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। अग्रवाल ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रकरणों का समयबद्ध त्वरित निस्तारण करें अन्यथा संबधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान कलक्टर अग्रवाल ने पिछली जनसुनवाई में आए विभागवार प्रकरणों से संबंधित करणों की वास्तविक स्थिति को जानकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जनसुनवाई में दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लेकर संबंधित अधिकारियों को स्वयं उसकी मॉनिटरिंग कर उसका संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलक्टर अठावाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज. सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत मिल सके।

साथ ही, उन्होंने एक-एक कर प्रकरणों की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत चर्चा कर उनकी प्रगति जानी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का तय समयसीमा में निस्तारण करें।

जिला कलक्टर अग्रवाल ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सम्पर्क पोर्टल पर जन अभियोग निस्तारण की प्रगति एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा, ई-फाईल औसत निस्तारण समय एवं पेंडिग फाइलस की समीक्षा, मुख्यमंत्री प्रकोष्ठ एवं वीआईपी प्रकोष्ठ में लंबित प्रकरण, आरएसएचए द्वारा प्राप्त अवाप्ति प्रकरणों की समीक्षा, आरयूआईडीपी, जेडिए, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम के निर्माणाधीन कार्य प्रगति की समीक्षा, जल जीवन मिशन में हर घर जल योजना एवं पाइप लाइन कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सडक़ों की समीक्षा, किसानों के कृषि कनेक्शन में जले हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर नवीन ट्रांसफार्मर लगाने की स्थिति की समीक्षा, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति, विद्यालय परिसर के ऊपर से गुजर रही 33/11 केवी विद्युत लाइन एवं विद्यालयों में खेल मैदान व शौचालयों की समीक्षा, जिले में गौशालाओं की स्थिति एवं प्राप्त एव बकाया अनुदान की समीक्षा, विभिन्न विभागों से संबधित राज्य स्तरीय लंबित प्रकरणों की स्थिति सहित विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुरेन्द्र सिंह पुरोहित, उपखंड अधिकारी उतर आईएएस प्रशिक्षु रवि कुमार, आईएएस प्रशिक्षु अक्षत कुमार सहित सभी ज़िला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य भवन में प्रशिक्षण

जैसलमेर, (नि.सं.)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्रकुमार पालीवाल द्वारा फतेहगढ़ ब्लॉक के सभी चिकित्सा अधिकारियों, एएनएम व डाटा एंट्री ऑपरेटरों को गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं शिशुओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाईन रिपोर्टिंग पीसीटीएस व एचएमआईएस पोर्टल पर समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने प्रभावी मॉनिटरिंग से स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए सार्थक प्रयास करने के निर्देश भी दिए।

स्वास्थ्य भवन सभागार में सोमवार को आयोजित ब्लॉक फतेहगढ़ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दक्ष प्रशिक्षक डीपीओ अजयसिंह कड़वासरा, सांख्यिकी अधिकारी शिवानी गहलोत व डीएनओ पवन शर्मा द्वारा उपस्थित संभागीयो को पीसीटीएस व एचएमआईएस के पोर्टलों पर टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, परिवार कल्याण संबंधी सभी स्वास्थ्य सूचकांकों की डाटा फीडिंग, ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।